हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, रविवार, 15 जून 2025

तापमान
अधिकतम 45.2 डिग्री
न्यूनतम 26.4 डिग्री

14 हवाई अड्डे की सड़क को फोरलेन करने की मांग उठाई



14 सराहनीय कार्य करने वाले 38 शिक्षक सम्मानित



## कुवि ने बढ़ाई अंतिम तिथि, बिना विलम्ब शुल्क के 17 जून तक कर सकेंगे आवेदन

- विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एडमिशन के लिए अलग से लिंक
- समस्त दाखिला प्रक्रिया ऑनलाइन की जाएगी : प्रो : पुनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निर्देशानुसार विद्यार्थी हित में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन ने वर्ष 2025-26 में केयू के विभिन्न विभागों के पीजी प्रोग्राम्स व यूजी एंड इंटिग्रेटिड प्रोग्राम्स में दाखिले की अंतिम तिथि बढ़ाकर 17 जून कर दी है। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि दाखिले के इच्छुक आवेदक अब केयू पीजी प्रोग्राम्स व यूजी एंड इंटिग्रेटिड प्रोगाम्स में दाखिले के लिए बिना विलम्ब शुल्क के 17 जून, 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पीजी प्रोग्राम्स व यूजी एंड इंटिग्रेटिड प्रोग्राम्स में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा संबंधी शेड्यूल के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर एडमिशन के लिए अलग से लिंक बनाया गया है तथा पूरी दाखिला प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। इससे संबंधित विस्तृत जानकारी विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट केयूके डॉट एसी डॉटइन से प्राप्त कर सकते हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रोग्राम्स में दाखिले की प्रक्रिया 24 मई से जारी है। यूजी एवं इंटिग्रेटिड प्रोग्राम्स बीबीए आनर्स, एमबीए पांच वर्षीय इंटिग्रेटिड प्रोग्राम, बीएफए, बीएएलएलबी आनर्स पांच वर्षीय इंटिग्रेटिड प्रोग्राम में आवेदक 17 जून रात्रि 23.55 बजे तक बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन कर सकते हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में विभिन्न प्रोग्राम्स में दाखिले की प्रक्रिया 24 मई से जारी है। आवेदन एमए, एमएससी, एमकॉम, एमलिब, एमएचएम एंड सीटी, एमटीटीएम, एमबीए, बीएड स्पेशल एजुकेशन, एमएड स्पेशल एजुकेशन, एमपीएड, बीपीएड, एलएलबी प्रोफेशनल, एमएफए, एलएलएम, एमफामेर्सी व एमसीए प्रोग्राम्स में 17 जून रात्रि 23.55 बजे तक बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन कर सकते हैं।

### आईआईएचएस में आवेदन 21 जून तक मांगे

*कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निर्देशानुसार इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज (पूर्व नाम यूनिवर्सिटी कॉलेज) में विभिन्न प्रोग्राम्स में सत्र 2025-26 में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 1 जून 2025 से जारी है। वहीं ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 21 जून निर्धारित है। आईआईएचएस की प्राचार्य प्रो. रीटा दलाल ने बताया कि सभी प्रोग्राम्स में दाखिले मेरिट के आधार पर किए जाएंगे। इसके साथ ही आईआईएचएस में केजी-टू-पीजी स्कीम के तहत यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों को दाखिले के तहत लाभ मिलेगा। एनईपी 2020 के तहत 13 विषयों में ऑनर्स शुरू की गई है।*

## खबर संक्षेप

### ठेकेदार के प्रतिष्ठान पर ईडी ने की छापेमारी

**पानीपत।** बिहार की राजधानी पटना में सरकारी ठेकों में कमीशनखोरी करने वाले ठेकेदार रिशु श्री और उससे जुड़े लोगों पर ईडी शिकंजा कसते हुए पानीपत में रेड की। इडी ने इस मामले में बिहार व गुजरात में भी दबिश दी है। वहीं रिशु श्री पर आरोप है कि वह सरकारी ठेकों में कमीशन लेकर भ्रष्ट अफसरों को विदेश घुमाता था। ईडी को ट्रेवल एजेंटों के ठिकानों से अधिकारियों की यात्रा से जुड़े कई दस्तावेज मिले हैं। साथ ही, रिशु श्री की एक और कंपनी का पता चला है, जिसके माध्यम से काले धन को सफेद किया जाता था। इस मामले में आईएएस संजीव हंस भी आरोपी हैं।

### श्रमिक पर हमला कर लूट के दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की सीआईए थ्री ने हुडा सेक्टर 25 जिमखाना क्लब के पास श्रमिक पर चाकू से हमला कर नगदी व मोबाइल फोन लूट की वारदात को अंजाम देने के आरोपियों गांव अलीपुर जिला शामली यूपी हाल किरायेदार चीका, कैथल निवासी कबीर अली व गांव हमीरपुर किनार जिला कौशांबी यूपी हाल किरायेदार उग्रागेड़ी मोड़ निवासी राहुल को गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि थाना चांदनी बाग में गांव गाढिया खुर्द जिला उधमपुर जम्मू हाल किरायेदार इंडोफार्म निवासी रविकांत की शिकायत पर केस दर्ज है।

### शातिर चोर ने कबूल की 11 वारदातें

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने निर्माणाधीन मकानों से बिजली की तार व अन्य सामान चोरी करने वाले शातिर चोर गौरव पुत्र गोरधन निवासी शास्त्री कॉलोनी खटीक बस्ती को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से सात किलोग्राम तांबा भी बरामद किया है। वहीं गौरव ने चोरी की 11 वारदात करना स्वीकारा है। डीएसपी सतीश वत्स ने बताया कि तार चोरी की उक्त वारदात बारे थाना सेक्टर 13/17 में गांव छिछड़ाना निवासी जगमाल की शिकायत पर केस दर्ज है।

### नकली सोना बेचने वाला गिरोह पकड़ा, नकदी जब्त

**पानीपत।** थाना शहर पुलिस ने नकली सोना को असली बताकर आधे रेट में बेचने का लालच देकर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर गिरोह की एक महिला सहित चार आरोपियों गांव कुवाड़ी फरशाही जिला पूर्णिया बिहार हाल किरायेदार गांव जठेड़ी सोनीपत निवासी मोहन मल्लाह, इसकी पत्नी सरिवा, गांव बिशनपुर दत्त जिला पूर्णिया बिहाल हाल किरायेदार गांव जठेड़ी निवासी जागन मल्लाह व गांव निगडाना जिला रायसन मध्यप्रदेश हाल निवासी माडल टाउन, पानीपत भूपेंद्र को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने 12 जून को पुराना बस अड्डा के पास फतेहाबाद जिला के खजूरी जाटी गांव निवासी अंकित पुत्र कृष्ण को नकली सोना बेचकर 9 लाख की ठगी की थी। इस मामले में अंकित की शिकायत पर थाना सिटी में केस दर्ज है।

### कुरुक्षेत्र में योग मैराथन का आयोजन आज

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा खेल विभाग के महानिदेशक एवं अंबाला मंडल आयुक्त संजीव वर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर पर राज्य स्तरीय योग मैराथन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए प्रशासन और खेल विभाग की तरफ से तमाम प्रबंध पूरे किए है। इस योग मैराथन को 15 जून को सुबह 6 बजे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरी झंडी देकर रवाना करेंगे। इस राज्य स्तरीय योग मैराथन में हजारों धावक योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा के लिए दौड़ लगाएंगे। इस मैराथन के पहले 20 प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त नेहा सिंह शनिवार को ब्रह्मसरोवर और रूट पर योग मैराथन की तैयारियों का जायजा लिया।

### मंत्री अनिल विज की फटकार का असर, सफाई ठेकेदारों को नोटिस जारी

## नालों की सफाई में लापरवाही बरतने वाले दोनों ठेकेदारों पर लगा जुर्माना

**संतोषजनक जवाब न मिलने पर टेंडर हो सकता है रद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- कार्यकारी अधिकारी बोले नालों की सफाई में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

मंत्री अनिल विज की नालों की सफाई को लेकर लगाई फटकार का असर अब अफसरों पर दिखने लगा है। इसी वजह से अब अंबाला सदर नगर परिषद की ओर से नाले की सफाई में खामियां मिलने पर दो ठेकेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। उन दोनों पर 38 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। दोनों ठेकेदारों को तीन दिन के अंदर जुर्माना जमा कराने के निर्देश दिए हैं। उनसे लापरवाही को लेकर भी जवाब मांगा गया है।



**अंबाला।** नालों की सफाई का कार्य जांचते मंत्री अनिल विज।

अगर वो तय समय पर कोई भी जवाब और कार्रवाई नहीं करते तो उनके सफाई के ठेके को रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिससे कि नालों की स्थिति में सुधार किया जा सके। नगर परिषद ने नालों की सफाई को लेकर दो अलग-अलग ठेकेदारों को क्षेत्र के हिसाब से काम सौंपा हुआ है। पहले नंबर पर कुरुक्षेत्र की रेटगेल कंपनी पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है जोकि अलग-अलग श्रेणी में है। इसमें गुड़गुड़िया नाले से गाद न निकालने को लेकर छह हजार रुपये, बिना उपकरणों के कार्य को लेकर दस हजार रुपये और बिना निर्धारित कर्मचारियों के काम करने पर चार हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसी तरह दूसरे नंबर पर नगर परिषद ने छावनी के अंदरूनी नालों की सफाई का कार्य अंबाला छावनी के सिकलीगर मोहल्ला स्थित कंपनी श्रीओम कोआपरेटिव को दिया हुआ है जोकि केडी अस्पताल के पास नाले की सफाई का काम कर रही है। इस कंपनी पर भी 18 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। यह कंपनी भी निर्धारित मापदंडों पर खरी नहीं उतरी। इसलिए बिना मशीनरी और कर्मचारियों के काम करने पर 10 हजार और बिना सुरक्षा उपकरणों के काम करने पर आठ हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र नरवाल ने बताया कि मंत्री के निरीक्षण के दौरान गुड़गुड़िया नाले व केडी अस्पताल के पास नाले की सफाई निर्धारित मापदंडों के तहत नहीं मिली थी। यहां नाममात्र कर्मचारी बिना उपकरणों के काम कर रहे थे। इसलिए नियमों के तहत दो ठेकेदारों पर जुर्माना लगाया गया है। जबकि अन्य खामियों का भी आंकलन किया जा रहा है। इसमें जो भी लापरवाह कर्मचारी संलिप्त होंगे, उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

#### जताई थी नाराजगी

मानसून से पहले अंबाला छावनी के नालों में सफाई की हकीकत को जानने के लिए उर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री वीरवार को निरीक्षण पर निकले थे। सबसे पहला निरीक्षण उन्होंने गुड़गुड़िया नाले का किया जोकि उनकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। इसके बाद जब वो केडी अस्पताल के पास नाले का निरीक्षण करने पहुंचे तो यहां भी चार से पांच कर्मचारियों के सहारे गाद निकालने की खानापूर्ति हो रही थी। इस पर उन्होंने दोनों ठेकेदारों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए थे।

## साढ़ौरा के कारोबारी से दो करोड़ की मांगी रंगदारी

- नकाबपोश शूटरों ने कारोबारी को दिखाई पिस्तौल और बोले भाई ने मंगवाए हैं पैसे
- आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के साढ़ौरा में एक मार्बल कारोबारी से दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि बंबइया गैंग के नाम से दो नकाबपोश हमलावरों ने मार्बल कारोबारी से खुलेआम दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

जानकारी के मुताबिक साढ़ौरा के मार्बल कारोबारी संजय घई के प्रतिष्ठान पर शुक्रवार रात साढ़े आठ बजे के करीब दो नकाबपोश मोटरसाइकिल पर सवार होकर पहुंचे। उस वक्त कारोबारी का बेटा दुकान समेटने की तैयारी में था। तभी दोनों युवक तमंचा लहराते हुए दुकान में घुसे और एक पर्ची थमाते हुए कहा कि यह मालिक को दे दो। पर्ची में दो करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग लिखी थी और नीचे बंबइया गैंग लिखा गया था। इतना कहने के बाद हमलावार मौके से मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरार हो गए। उधर सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना किया और इलाके की घेराबंदी करके आरोपियों की तलाश शुरु की। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। लेकिन फिलहाल आरोपी युवकों की पहचान या उनके भागने की दिशा स्पष्ट नहीं हो सकी है। साढ़ौरा थाना प्रभारी रोहताश के मुताबिक मार्बल कारोबारी को सुरक्षा मुहैया करवा दी गई है। मामले में गंभीरता से जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है और आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

#### परिवार सदमे में

मार्बल कारोबारी संजय घई ने बताया कि घटना के बाद उनका परिवार सदमे में है। उनके मुताबिक इससे पहले भी अज्ञात नंबरों से उन्हें धमकी भरे कॉल आ चुके हैं। लेकिन उन्होंने इसे हल्के में लिया था। अब जब सीधे दुकान पर हथियारबंद युवक पहुंच धमकी दे गए हैं तो परिवार डरा हुआ है और व्यापार बंद करने तक की सोच रहा है।

### बाबा साहेब पर टिप्पणी को लेकर सांसद वरुण चौधरी ने जताया ऐतराज

**बराड़ा।** कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर दिए गए बयान पर सियासत गरमा गई है। लोकसभा से कांग्रेस के सांसद वरुण चौधरी ने मंत्री कृष्ण बेदी के ब्यान को "आपत्तिजनक और निंदनीय" करार देते हुए सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की है।

चौधरी ने कहा कि संत कबीर जयंती के अवसर पर सिरसा में मंत्री कृष्ण बेदी द्वारा मुख्यमंत्री की तुलना बाबा साहेब से करना न केवल संविधान निर्माता का अपमान है बल्कि भाजपा की ओछी मानसिकता को भी दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब किसी भाजपा नेता ने बाबा साहेब या उनके बनाए संविधान का अपमान किया हो।

## पिहोवा में बेकरी की दुकान आग लगने से हुई स्वाहा

- शार्ट सर्किट बताया जा रहा है आग लगने का मुख्य कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

गुहला रोड पिहोवा में बेकरी की दुकान में आग लगने से लाखों रूपये का नुकसान होने का मामला सामने आया। दुकान मालिक साहब सिंह वासी गुमथला गढू ने बताया कि बीते शुक्रवार शाम के समय वह गुहला रोड़ पिहोवा स्थित अपनी बेकरी की दुकान (आर.एस बेकरी) को बंद करके गया था।

शनिवार को उसको सूचना मिली कि दुकान से धुआं निकल रहा है,वह तुरंत मौके पर पहुंचा। ज्यों ही उसने दुकान का शटर खोला तो देखा कि दुकान में भयंकर आग लगी हुई है। उसने तुरंत डायल 112 के माध्यम से फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी व पुलिस मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया,लेकिन तब तक उसके चार डी फ्रिज, चार स्टैंडिंग फ्रिज, फ्रिज काउंटर, काउंटर, दो ऐसी, दो सीलिंग फैन, बिजली फिटिंग, डाउन सीलिंग, ओवन, मिक्सर, बड़ा ओवन, बेकरी का सामान, डीवीआर, पांच कैमरे, एलईडी सहित सारा सामान जलकर राख हो गया। दुकान मालिक ने रुंधे गले से बताया कि आगजनी का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

### पानीपत में प्रॉपर्टी टैक्स के डिफाल्टरों पर नगर निगम ने की कार्रवाई

**पानीपत।** नगर निगम की प्रापर्टी टैक्स के डिफाल्टरों के खिलाफ शनिवार को भी अभियान जारी रहा। टीम ने संयुक्त आयुक्त संजय कुमार के नेतृत्व में चार बड़े बकायदारों के प्रतिष्ठानों पर दबिश दी।

इधर, निगम की टीम ने फैशन क्रॉफ्ट गोदाम पर छापा मारा। वहीं गोदाम के संचालकों आशा नारंग और शकुंलता नारंग ने तीन लाख रूपये जमा करवाए, जबकि इन पर नगर निगम का 6 लाख 33 हजार 487 रुपये का टैक्स बकाया है। निगम की टीम ने पूरा टैक्स जमा होने तक गोदाम को सील कर दिया। बाकी तीन जगहों पर मालिक न मिलने के चलते किराएदारों को कहा गया कि वे निगम की कार्रवाई के बारे में उन्हें अवगत करवाते हुए टैक्स जमा करवाने को कहा गया।

## युवक ने घर में लगाया फंदा, मौत

- पत्नी के साथ युवक की रहती थी अनबन,जिसके चलते उसने उठाया यह कदम
- चार साल के बच्चे के सिर से उठा पिता का साया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

रामनगर इलाके में खादी आश्रम के नजदीक एक युवक ने संदिग्ध हालातों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की उसकी पत्नी के साथ कोई अनबन चल रही थी। जिसके चलते युवक ने ऐसा कदम उठाया। घटना की सूचना के बाद पुलिस व एफएसएल टीम मौके पर पहुंच गई।

पुलिस ने एफएसएल की मौजूदगी में शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

#### फ्लेक्स शॉप पर काम करता था युवक

मृतक की पहचान 28 वर्षीय शुभम गुप्ता के रूप में हुई है। शुभम की करीब छह साल पहले शादी हुई थी। जिसके पास एक 4 साल का बेटा भी है। वह मुगल कनाल पर फ्लेक्स लगाने वाली किसी दुकान पर काम किया करता था।

#### पत्नी ने शुभम को फंदे से लटके देखा तो चिल्लाई

मृतक के भाई ने बताया कि शुभम और उसकी पत्नी के बीच छोटी-मोटी कहासुनी होती रहती थी और मामला सुलझ भी जाता था, लेकिन आज पता नहीं क्या हुआ कि इतना बड़ा कदम उठा लिया। शुभम की पत्नी ने ही उसको कमरे में फंदे से लटका हुआ देखा। जिसे देख उसकी चीख निकल गई और आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए और मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई।

#### मामले की जांच जारी

रामनगर थाना में इंवेस्टिगेशन ऑफिसर सब इंस्पेक्टर सोनू ने बताया कि शुभम द्वारा सुसाइड किया गया है। कारणों का अभी खुलासा नहीं हो पाया है। परिवार वालों से बातचीत की गई है और ब्यान दर्ज किए गए है। झगड़े वाली कोई बात सामने नहीं आई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी की दो वारदातें आई सामने

## आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर हड़पे 20 लाख रुपये

- पुलिस ने ग्लोबल इंफोटेक के संचालक समेत पांच कर्मचारियों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर जगाधरी की ग्रीन विहार कॉलोनी निवासी लवली बंसल से 20 लाख रुपये हड़प लिए गए।

आरोप यमुनानगर के संत निश्चल सिंह स्कूल के पास ग्लोबल इंफोटेक के संचालक रमनदीप कौर, तरनप्रीत सिंह, अजीतपाल, प्रदीप सिंह व अजय कुमार पर लगा है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लवली बंसल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोजगार के लिए आस्ट्रेलिया जाना चाहता था।





इस दौरान उसकी मुलाकात ग्लोबल इंफोटेक के संचालक रमनदीप कौर, तरनप्रीत सिंह, अजीतपाल, प्रदीप सिंह व अजय कुमार के साथ हुई। आरोपियों ने उसे बताया कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। उनकी विदेश में कंपनियों में हिस्सेदारी है। जहां पर रोजगार के लिए युवकों की जरूरत है। वह उसे आस्ट्रेलिया में भेजकर रोजगार दिलवा देंगे। वह आरोपियों की बातों में आ गया। आरोपियों ने उसे आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 20 लाख रुपये का खर्च आने की बात कही।

#### आरोपियों के फोन बंद आफिस पर मिला ताला

उसने आरोपियों पर विश्वास करके उन्हें अपने दस्तावेज व 20 लाख रुपये दे दिए। आरोपियों ने उसे जल्द ही विदेश भेजने का आश्वासन दिया। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों के मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया तो वह बंद मिले। जब वह आरोपियों से मिलने उनके कार्यालय में आया तो कार्यालय का ताला लगा हुआ था। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

#### महिला से ठग लिए चार लाख 87 हजार रुपये

**यमुनानगर।** दो लोगों ने एक महिला से उसके बेटे को विदेश भेजने के नाम पर 4 लाख 87 हजार रुपये ठग लिए। शहर जगाधरी पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी अनुसार देवी भवन बाजार निवासी चंचल रानी ने बताया कि उसकी पति को 13 दिसंबर 2023 को निधन हो गया था। वह अपने बेटे तमिश कांबोज को विदेश भेजना चाहती थी। इसके लिए उसने जटहेड़ी निवासी अमन सैनी व कांबोज कॉलोनी निवासी पंकज मेहता से मुलाकात की। आरोपियों ने उसके बेटे को विदेश भेजने के लिए पांच लाख का खर्च बताया। आरोपियों पर विश्वास करने उसने अलग अलग कर 4 लाख 87 हजार रुपये व बेटे के दस्तावेज आरोपियों को दे दिए। लेकिन बाद में आरोपियों ने उसके बेटे को जाली वीजा व टिकट दी। जब भी वह आरोपी से बातचीत करते तो वह टिकट रद्द होने की बात कहते। तीन बार आरोपियों ने उसे टिकट रद्द होने की बात कही। बाद में उसे पता चला कि आरोपियों ने उसे जो वीजा व टिकट दिया वह फर्जी है। उसने इसकी शिकायत पुलिस को दी। जगाधरी पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है।

## गलत प्लाट के दस्तावेज देकर बैंक से लिया लोन

- पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गलत प्लाट के दस्तावेज देकर बैंक से होम लोन लेने के आरोप में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।


गलत प्लाट के दस्तावेजों के संबंध में बैंक अधिकारियों को तब पता चला जब आरोपियों ने लोन के पैसे देने में देरी की। जानकारी के अनुसार एचडीएफ बैंक अधिकारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि प्रोफेसर कॉलोनी निवासी सनम ओबराय, भारती ओबराय और नीलम ओबराय ने बैंक से करीब 66 लाख रुपये का लोन लेने के लिए संपर्क किया था। इस दौरान आरोपियों ने बैंक की सभी शर्तों को पूरा कर दिया। जिस पर बैंक द्वारा आरोपियों को लोन दे दिया गया।

#### किस्त में देरी पर की जांच

इसके बाद आरोपियों ने लोन की किस्त देने में देरी की तो अधिकारियों ने इसकी जांच की। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने तीसरे पक्ष की संपत्ति मॉडल कॉलोनी ग्रीन पार्क के पास लालद्वारा रोड पर दिखाकर आवासीय घर खरीदने के लिए गृह ऋण का लाभ उठाया था। जबकि संपत्ति के दस्तावेज बसंत नगर यमुनानगर में स्थित खाली प्लाट के प्रस्तुत किए गए थे। बैंक अधिकारियों ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# नीट परीक्षा में अर्श गांधी हरियाणा में टॉप




प्रयागराज।


ईशान जाखल।


केतिका सैनी।


प्रतीक।

**करनाल।** नीट में जेनिसिस ने एक बार फिर साबित किया कि मेहनत, मार्गदर्शन और टीमवर्क से हर मंजिल पाई जा सकती है। जिसमें अर्श गांधी ने 674 अंकों के साथ हरियाणा में टॉप किया है। जेनेसिस के सात बच्चों ने 600 से अधिक अंक प्राप्त किए, 84 बच्चों ने 525 से अधिक अंक प्राप्त किए। डायरेक्टर जितेंद्र सिंह अहलावत व नवनीत कल्हण ने विद्यार्थियों की मेहनत व स्टॉफ की लग्न और सतत मार्गदर्शन को समर्पित किया। अभिभावकों ने भी सफलता श्रेय जेनिसिस क्लासिस के स्टॉफ को दिया। जेनिसिस क्लासिस के संस्थापक जितेंद्र अहलावत और नवनीत कल्हण ने करनाल ही नहीं उत्तर भारत के लोगों को दिखाया था। आज जेनिसिस क्लासिस के बच्चों को एम्स, मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, प्रतिष्ठित और सरकारी इंजीनियरिंग कालेजों में प्रवेश मिला है।


अर्श गांधी।

## टॉप 20 विद्यार्थियों के नाम और रैंक

- अर्श गांधी 674 11
- केतिका सैनी 638 137
- ईशान 638 146
- परयाग राज 634 183
- प्रियांशु शर्मा 609 850
- रितिक 601 1261
- पार्टिक 600 1366
- चकित 596 1617
- रोनित फोर 595 1743
- राहुल कुमार 593 1927
- तुषार लोहचब 587 2557
- दीपांशी रानी 585 2873
- कार्तिक निर्वाल 582 3296
- आयुषी 581 3388
- सक्षम गर्ग 580 3600
- रिया भारद्वाज 580 3518
- रितिका वर्मा 572 5029
- रितिका सगवाल 571 5087
- रिया 571 5214
- भव्या मिश्रा 5676285

# फ्लाई ओवर निर्माण, चारों ओर धूल का गुबार

## हवा में धूल का लेवल 300 पहुंचा, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का रेड अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल में हर तरफ धूल का गुबार उठ रहा हैं। जिस तरह से फ्लाई ओवर का निर्माण किया जा रहा हैं। उससे सब तरफ मिट्टी ही दिखाई दे रही हैं। जीटी रोड के सेक्टर चौदह चौक से लेकर कमेटी चौक तक जाते जाते मिट्टी के गुबार देखा जा सकता है। कमेटी चौक से बस स्टैंड तक भी हालात बद से बदतर है। बिना प्लालिंग के जिस तरह से फ्लाई ओवर बनाया जा रहा हैं। उसके चलते सारे शहर में खोद दिया है। पहले मिट्टी दबाने के लिए पानी का छिडक़ाव होता था वह अब बंद कर दिया है। जिससे मिट्टी उड़ती रहती है। सेक्टर-6 चौक से स्टेशन की तरफ जाएं तो कमेटी चौक आते आते शर्ट पीली हो जाती हैं। चारों तरफ पीली धूल उउती दिखती हैं। राजस्थान की और से उठी धूल भरी आंधी करनाल में भी दस्तक दे चुकी है। एन.सी.आर से शुरू होकर यह पहुंचा धूल का गुब्बार उत्तर हरियाणा को अपनी चपेट में ले चुका है। जिससे धूल लोगों की आंखो ओर मूंह में जा रही है। जिससे लोगों को सांस लेने में काफी दिक्कत आ रही है। एक सप्ताह पहले तक हवा में शुद्धता का सूचकांक संतोष जनक था। लेकिन धूल के गुब्बार ने प्रदूषण के स्तर को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। आसमान में धूल छाने से तापमान में तो कमी आई है। लेकिन हवा में धूल की मात्रा साढ़े 300 के खतरनाक स्तर तक जा पहुंची है। बारिश होने के बाद ही यह स्थिति साफ हो सकती है। इससे एक सप्ताह पहले तक पीएम 2.5 की हवा में मात्रा 190 तक बनी हुई थी। अब यह मात्रा 350 तक पहुंच गई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इसे खतरनाक सूची में डालकर वायु गुणवत्ता सूचकांक पर यह रेड अलर्ट के दायरे में डाल दिया है। उत्तर हरियाणा में भी हवा सांस लेने लायक नहीं है व अगले तीन दिन राहत की उम्मीद नहीं है।

### रात को धरती पर उतर आती है धूल

लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी रात के समय हो रही है। हवा गर्म होने के चलते दिनभर यह आसमान में उड़ती रहती है और शाम को हवा ठंडी होने के साथ ही यह धूल नीचे आने लगती है। पछुआ हवाओं ने गर्मी व उमस बढ़ा दी है। दिन में 15 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। शाम को हवा रुकने से उमस ने बेहाल कर दिया है। अधिकतम तापमान 45 और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस है।

### मुंह पर लगाएं मास्कः डा. नेत्रपाल

छाती रोग एवं मेडिसिन विशेषज्ञ डा. नेत्रपाल रावल ने बताया कि मूंह पर मास्क लगाकर निकलना चाहिए। हवा में धूल के कण आसमान में छाने के कारण यह मूंह के सहारे शरीर में भी जाते है। जिससे फेफड़ो में धूल जम जाती है। इससे प्रदूषण भी बढ़ा है। इससे आंखों, नाक और गले में जलन, खांसी, बलगम, सीने में जकडन और सांस टूटना आदि समस्याएं हो सकती हैं। अस्थमा और पीओपीडी से पीड़ितों में लक्षण और भी गंभीर होते हैं। बच्चों व बुजुर्गों को चाहिए कि वे मास्क लगाकर ही बाहर निकलें।

## खबर संक्षेप

### जत्थेदार दादूवाल को धर्म प्रचार कमेटी का चेयरमैन बनाना ऐतिहासिक

**करनाल।** देश के जाने माने इंटरनेशनल सिख धर्म प्रचारक जत्थेदार बलजीत सिंह दादुवाल को फिर से हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रवंधक कमेटी की धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैंन बनाए जाने पर गुरुपर्व प्रवन्धक कमेटी ने खुशी जाहिर की है। इसे ऐतिहासिक कदम बताया है। कमेटी के प्रधान वरिंदे सिंह, महासचिव इंदर पाल सिंह ने जत्थेदार दादुवाल को बधाई दी। उन्होंने इस कदम को ऐतिहासिक कदम बताया है। इसके लिए कमेटी के सदस्य, बधाई के पात्र है। जत्थेदार दादुवाल अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अध्यात्मिक संत है। उन्हे यू एन ओ ने भी सिख अध्यात्मिक संत के रूप मे सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जत्थेदार दादुवाल की अगुवाई मे एच एस जी पी सी की धर्म प्रचार कमेटी सिख पंथ का प्रचार करेगी। एचएसजीपीसी के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य गुरु प्रसाद सिंह ने बताया कि दादुवाल को अगवाई मे सिख धर्म का प्रचार ऐतिहासिक तरीके से होगा। बधाई देने वालो मे गुरपाल सिंह डौनी, हरप्रीत सिंह नरूला हरमीत सिंह हैप्पी, तेजेंद्र सिंह डिम्पी इत्यादि शामिल हैं।


जत्थेदार बलजीत सिंह दादुवाल।

### इक्लिप्स का नया गाना इंडी सिंगल सांवरिया हुआ रिलीज़

**करनाल।** चर्चित इंडी कलाकार इक्लिप्स नोवा ने निर्माता हितेन और गायिका मलिका बंदना दत्ता के साथ मिलकर नया गाना 'सांवरिया' रिलीज़ किया है। यह गाना पॉप और शास्त्रीय संगीत का खूबसूरत संगम है, जिसमें रिश्तों की उलझनों को चुलबुले अंदाज़ में दर्शाया गया है। इसके बोल इक्लिप्स नोवा और अदिति शर्मा ने लिखे हैं।

गायक के मुताबिक, यह ट्रैक दो अलग-अलग संगीत शैलियों का क्रॉसओवर है, जो दिल को छू जाता है। नया गाना रिलिज करने के बाद हितेन ने इसे अपनी जड़ों से जुड़ा बताते हुए कहा कि यह ट्रैक उनकी पुरानी यादों को नए रंग में पेश करता है। 'सांवरिया' न सिर्फ सुनने में मजेदार है बल्कि इंस्टाग्राम रील्स से लेकर डांसफ्लोर तक, हर जगह फिट बैठता है।

## जोरों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां

# 1106 प्रतिभागी योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण में शामिल, 320 पौधे भी किए वितरित



आईएनआर रॉयल सिटी सेक्टर 29 तरावड़ी में योग कक्षाओं का आयोजन

कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज व जिला जेल में कैदियों को आयुष विभाग ने साधकों को दिए योग टिप्स





हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ0 सतपाल ने बताया कि जिला में 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफलतापूर्वक मनाने व हरित योग अभियान तथा योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा के तहत विभागीय निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आयुष विभाग द्वारा शनिवार को आयोजित किए गए विभिन्न योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 1106 प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं 320 पौधों का वितरण व पौधारोपण किया गया।

योग विशेषज्ञ डॉ अमित पुंज ने बताया कि एक कार्यक्रम कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज व दूसरा कार्यक्रम जिला कारागार में आयोजित किया गया, इसके अलावा ब्लॉक असंध, मूनक, घरौंडा, कुंजपुरा, इंद्री, नीलोखेड़ी तथा निसिंग ब्लॉक में भी योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण के सात अन्य कार्यक्रमों में योगाभ्यास करवाया।

### वर्कशॉप का आयोजन

उन्होंने बताया कि कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में डायरेक्टर डॉक्टर महेंद्र कुमार गर्ग की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को दिया गया, जिसमें प्रोफेसर डॉ शरत गुप्ता , डिप्टी डीन डॉ गौरव कंबोज, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अर्चना भारती, हेल्थ इंस्पेक्टर मनोज , एमबीबीएस और पीजी स्टूडेंट्स, डिप्टी सुपरिटेंडेंट रामकुमार तथा अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि 16 जून को कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में योग पर एक विशेष कॉन्फ्रेंस तथा वर्कशॉप का आयोजन भी किया जाएगा।

### 710 कैदी हुए शामिल

उन्होंने बताया कि जेल अधीक्षक लखबीर सिंह बराड़ की अध्यक्षता तथा डीएसपी चरण सिंह, डीएसपी शैलाक्षी भारद्वाज व डीएसपी विवेक सांगवान की देखरेख में जिला कारागार में 21 जून तक विशेष योग शिविर लगाया जा रहा है। आज आयोजित कार्यक्रम में 710 कैदियों ने भाग लिया, जिसमें योग सहायक गीता दहिया द्वारा महिला कैदियों को तथा मुकेश कुमार पुरुष कैदियों को अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल का नियमित रूप से अभ्यास करवाया जा रहा है।

## वजन को कम करने के लिए सूक्ष्म व्यायाम आसन और प्राणायाम का अभ्यास करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

योग साधकों ने उनके साथ जमकर अभ्यास किया। दिनेश गुलाटी ने कक्षा में वजन को कम करने के लिए विभिन्न प्रकार के सूक्ष्म व्यायाम, आसन और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। तरावड़ी योग कक्षा के शिक्षक मनोज कामरा में भी कई तरह के अभ्यास करवाए। दिनेश गुलाटी ने वहां मौजूद लोगों को स्टिक योगा का अभ्यास करवाया। जोकि शरीर पर बहुत प्रभाव कारी है। उन्होंने बताया कि स्टिक की जो मदद से योग करने से बाजू टांगों और स्पिन को मजबूत और संतुलित किया जा सकता है। इससे मांसपेशियों की कसावट बढ़ती है। इसकी मदद से बैली फैट कम करने के अलावा कमर के आसपास जमा चर्बी को भी काम किया जा सकता है। जिला की मदद सहयोग करने से शरीर का लचीलापन बढ़ता है और शरीर टोन होता है।मौजूद साधकों ने उत्साह पूर्वक सभी क्रियाएं की।

### प्रकृति ने दिया सुड़ौल शरीर

दिनेश गुलाटी ने इस दौरान कहा कि मनुष्य को प्रकृति की ओर से संतुलित और सुडौल शरीर मिला है पर वह गलत रहन-सहन, बुरी आदत और खान-पान में अनियमितता के कारण इस शरीर को बेढोल बना लेता है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि हम शारीरिक श्रम उतना नहीं करते, जितना कि हमारे द्वारा खाए गए खाने के बाद होना चाहिए।

### वजन घटाने में कारगर

योग के द्वारा नियमित रूप से योगासन करके हम वजन कम कर सकते हैं। योग चर्बी को घटाने में मदद करता है और नेचुरल तरीके से वजन कम होने के कारण यह स्टेबल भी रहता है। कक्षा में अंजलि कामरा विपिन छाबड़ा के अलावा काफी संख्या में पुरुषों महिलाओं और बच्चों ने योग किया।

### योग से मन, आत्मा व शरीर होता है संतुलित

**करनाल ।** हमारा मिशन स्वस्थ भारत द्वारा आईएनआर रॉयल सिटी सेक्टर 29 करनाल में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर योग कक्षा लगाई गई। इस कक्षा में हरियाणा के प्रसिद्ध एवं करनाल के मुख्य योग शिक्षक नवीन सन्दूजा ने बताया कि हमारा मिशन स्वस्थ भारत द्वारा 11वां अन्तराष्ट्रीय योग दिवस कर्ण पार्क मानव सेवा संघ के प्रांगण में भव्य रूप से मनाया जायेगा जिसकी तैयारियां जोरशोर से की जा रही हैं। उन्होंने योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करता है। आज के दौर में मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए योग सबसे कारगर उपाय है।

उन्होंने कहा कि योग को घर-घर तक पहुंचाने का उद्देश्य इस आयोजन के माध्यम से पूरा हो रहा है। योग सिर्फ शरीर को ही नहीं, पूरे जीवन को स्वस्थ बनाता है। योग के दौरान शरीर स्वस्थ्य एवं मन शांत बना रहता है, शरीर में सकारात्मक उर्जा का संचार होता है, प्रातः योग करने से सारा दिन शारीरिक रूप आप स्वस्थ रहते हैं किसी भी तरह का आलस्य शरीर में नहीं रह जाता एवं कई प्रकार की बीमारियों जैसे बीपी, शुगर, मोटापा आदि से बचा जा सकता है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से शैलजा गुप्ता, मीनाक्षी मित्तल, कविता चौहान, हरगुन, कविता चौबे, सीमा नारंग, प्रतिभा, पुष्पा, प्रिंसिज, बण्टी सहगल, राजू मदान, राकेश भारद्वाज, रोहित, विकास शर्मा, अशोक, सोनू आहुजा, सन्नी आहुजा, पवन शर्मा, शास्त्री जी, प्रभजोत, देवेन्द्र भौरिया, सुभाष ढींगड़ा, पुष्पा जी, डॉ. रजनी, इत्यादि उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

# कर्ण नगरी में जय श्री राम व श्री श्याम के नारों की गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



शनिवार को करनाल की पवित्र भूमि कर्ण नगरी धर्म और भक्ति के रंग में रंगी नजर आई। अवसर था गौकर्ण गौ सेवा संस्था के स्थापना दिवस का। इस विशेष अवसर पर आयोजित कलश एवं निशान यात्रा में श्रद्धा और आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। यात्रा की शुरुआत श्री खाटू श्याम मंदिर, पुरानी अनाज मंडी से हुई, जो संस्था के मुख्य कार्यालय से होते हुए डिवाइन बैंक्वेट हॉल स्थित कीर्तन स्थल पर समाप्त हुई।

यात्रा में महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर भाग लिया, वहीं श्याम प्रेमी ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमते हुए आगे बढ़ते गए। जय श्री राम और जय श्री श्याम के नारों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। एक विशेष ध्वज संस्था के इंटरनेशनल प्रधान बलकारी श्री हनुमान जी को समर्पित किया गया, जिसे व्रतधारी सेवादार लेकर चल रहे थे। श्रद्धालुओं को रथ में विराजमान कथा वाचक राधा श्री एवं अन्य संतों का आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ।

यात्रा के मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर संस्था के सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं।

उपस्थित रहे प्रमुख सेवक और सदस्य

इस अवसर पर शिवम कौशिक, अक्षय गुप्ता, ध्रुव आनंद गौरकर्ण, विनय गुप्ता, प्रिंस कौशिक, बॉबी सिंगला, रोहित, ऋषभ, रिचम सिंगला, नीरज सिंगला, आशीष जैन, अभिषेक गौरकर्ण, महेश गौरकर्ण, साजिद सिंगला, सागर, कृष्ण, श्याम अग्रवाल (प्रयास कीर्तन), आशीष गुप्ता, मोहित शर्मा, जिनेश जैन, अमन, अनुभवी एकलौता, मोहित जैन सहित संस्था के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

**16 से 18 जूनः पहली बार नानी बाई मायरो कथा :** दिनेश गौरकर्ण ने बताया कि करनाल में पहली बार नानी बाई मायरो (नरसी का भात) कथा का आयोजन हो रहा है। यह कथा 16 से 18 जून तक प्रतिदिन शाम 4 बजे से 6.30 बजे तक कथावाचक राधा श्री द्वारा सुनाई जाएगी। प्रतिदिन श्री बालाजी एवं श्री श्याम संकीर्तन होगा, जिसमें 25 से अधिक श्याम जगत के गायक श्याम बाबा व बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान करेंगे। प्रतिदिन भंडरा लगेगा।

**संतों का मार्गदर्शन और आशीर्वाद :** कार्यक्रम में जगद्गुरु रामनंद स्वामी विकास दास महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, भगत सुशील शर्मा, श्री पीयूष मुनि , संत बाबा जोगा सिंह, भगत रिहाई गुप्ता (मुख्य पुजारी त्रिलोकपुर), बाबा मठ जी जो मजारा जी सहित अन्य संतगण भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

15 जून से आरंभिक प्रयोगशाला शिविर

संस्था के प्रधान सेवक एवं संस्थापक दिनेश गौरकर्ण ने बताया कि 15 जून से धर्मशाला आश्रम में आरंभिक प्रयोगशाला शिविर प्रारंभ होगा। शिविर सुबह 8 बजे से आरंभ होगा। उन्होंने सभी भक्तों से अपील की कि अपने माता-पिता से प्रार्थना कर गौसेवा को समर्पित इस पुण्य कार्य में भागीदार बनें।



## पंथक, सामाजिक व राजनीतिक मुद्दों की आवाज़ उठाने को पंथक सेवा दल का होगा गठन : रामगढ़िया

**करनाल।** आज करनाल स्थित गुरुद्वारा डेरा कार सेवा में सुरिंदर पाल सिंह रामगढ़िया की अगुवाई में एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें सिख चिंतकों और समाजसेवियों ने हिस्सा लिया। बैठक में सिख पंथ, सामाजिक, राजनीतिक और गरीबों के हकों की आवाज़ बुलंद करने के विषय पर चर्चा की गई। बैठक के उपरांत सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इन मुद्दों को उठाने और अपने हकों के लिए आवाज बुलंद करने के लिए 'पंथक सेवा दल' के गठन पर विचार किया गया। सुरिंदर पाल सिंह रामगढ़िया ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि हरियाणा में गरीबों के हकों के लिए आवाज़ उठाने वाला कोई प्रभावी मंच नहीं है। इसीलिए पंथक सेवा दल का गठन करने का विचार किया गया है और जल्द ही इसका गठन कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संगठन का मुख्य उद्देश्य पंथक, सामाजिक, राजनीतिक और गरीब वर्ग की आवाज़ को बुलंद करना होगा।

# स्वच्छ भारत मिशन के वाइस चेयरमैन सीआरएस यूनिवर्सिटी के वीसी से मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



स्वच्छता पखवाड़े के तहत प्रदेश को स्वच्छ करने के मिशन पर निकले स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने शनिवार को डीएवी कॉलेज के प्रिंसिपल व चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ रामपाल सैनी से उनके कालेज कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दोनों शिक्षा संस्थानों को स्वच्छता के एक मॉडल के रूप में विकसित करने पर विस्तार से चर्चा की।

वीसी डॉ रामपाल सैनी के साथ स्वच्छता पर चर्चा का मुख्य उद्देश्य शिक्षा परिसर और आस-पास के क्षेत्र में स्वच्छता को बढ़ावा देना और छात्रों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करना था। इस चर्चा में उन्होंने छात्रों और कर्मचारियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करने और उन्हें स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने पर अपनी बात रखी।


कॉलेज व विश्वविद्यालय के परिसर में कचरा न फैलाने, प्लास्टिक का उपयोग न करने और जल संरक्षण जैसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए समाज के नामचीन व्यक्तियों जैसे खिलाड़ी, लोक कलाकार, पूर्व सैनिक आदि का सहयोग लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्वच्छता न केवल एक व्यक्तिगत जिम्मेदारी है, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी भी है जो स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण है।


वीसी डॉ रामपाल सैनी ने कहा कि उन्होंने ग्रीन कैंपस-क्लीन कैंपस योजना के तहत विभागों में साफ-सफाई की स्थिति की समीक्षा करने की योजना बनाई है। समीक्षा के आधार पर विभागों को रेटिंग दी जाएगी। इसके लिए एक कमेटी बनाई जाएगी जो इसे लेकर विभागों की ओर से किए गए प्रयास को रेटिंग देगी। बेहतर रेटिंग हासिल करने वाले विभागों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।


## आनंद सरोवर में तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन

# बच्चों ने सीखी पॉजिटिव सोच और ध्यान की कला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा







प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, आनंद सरोवर केंद्र घरौंडा द्वारा स्कूली बच्चों के लिए चल रहे तीन दिवसीय समर कैंप के प्रथम दिवस पर करीब 200 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों को बैज लगाकर व सम्मान का पटका पहनाकर की गई। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन के साथ शिविर का शुभारंभ हुआ, जिससे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार हुआ।

मुख्य अतिथि सुखबीर संधू ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि — "ऐसे शिविर बच्चों के चरित्र निर्माण और सकारात्मक सोच के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।"

फरीदाबाद से पधारी बी.के. नीरू बहन ने बच्चों को पॉजिटिव और नेगेटिव विचारों का अंतर समझाया और आत्म-विश्वास व खुशी से जीने की प्रेरणा दी।

बी.के. रेनू बहन ने बच्चों को मूल्य आधारित गतिविधियाँ, योग व ध्यान अभ्यास कराए और कहा कि "बचपन में जो संस्कार दिए जाते हैं, वही जीवन की नींव बनते हैं। संस्कारी बालक ही उज्ज्वल भविष्य का आधार होते हैं।"

### आज होगा समापन

कार्यक्रम के अंत में बच्चों को आइसक्रीम वितरित की गई, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

15 जून को समर कैंप का समापन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें बच्चों द्वारा सीखी गई गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा और सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार व उपहार भी दिए जाएंगे।

इस दिन विशेष रूप से बच्चों के अभिभावकों के लिए भी एक सेशन रखा गया है, जिसमें एक सरल और प्रभावशाली / "पेरेंटिंग टॉपिक/" इत्यादि विषयों पर चर्चा की जाएगी, ताकि माता-पिता भी अपने बच्चों को समझने और सही दिशा देने की कला को आत्मसात कर सकें।

## खबर संक्षेप

### गांव भंडारी से युवती लापता, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के गांव भंडारी निवासी एक युवती अपने घर से बिना किसी को बताए लापता हो गई। इधर, परिजनों ने युवती की हर संभावित स्थल पर तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। इधर, पिता की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने युवती की गुमशुदी को केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### बड़ौली स्कूल को मिला प्रशंसा पत्र

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बड़ौली में मई माह में लगाई गई कला प्रदर्शनी में उत्कृष्ट कार्य करने वाली टीम को शिक्षा मंत्री हरियाणा सरकार महीपाल ढांडा ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्य ओम सिंह राणा ने बताया कि विद्यालय में ललित कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक व उनकी टीम द्वारा लगाई गई कला प्रदर्शनी के बेहतर प्रदर्शन के लिए शिक्षा मंत्री कार्यालय से स्कूल को प्रशंसा और बधाई पत्र मिला है जो विद्यालय और विद्यार्थियों के लिए गौरव की बात है।

### तैराकी का ट्रायल 17 को

**पानीपत।** 17 जून की सुबह काला आंब स्थित चौ.बलदेव सिंह तरणताल पर तैराकी टाइम ट्रायल होने जा रही है। यह जानकारी जिला तैराकी संघ के प्रधान सुखबीर मलिक ने देते हुए बताया की चौ.बलदेव सिंह तरणताल पर 17 जून को सब जूनियर ग्रुप वाइज तथा जूनियर ग्रुप वाइज लड़के व लड़कियों की टाइम ट्रायल ली जाएगी।

### गणेश मंदिर में कीर्तन किया

**पानीपत।** मॉडल टाउन की भाटिया कॉलोनी स्थित श्री गणेश मंदिर में महिला संकीर्तन मंडली ने भजन संकीर्तन किया। महिलाओं ने ठाकुर जी का गुणगान किया। इस अवसर पर बलदेव गांधी, हरीश बंसल, राजरानी, आशु गांधी, रमा गुंबर, आशा, दीपा गुंबर, तान्या, सुमित्रा, सोनिया नारंग, रेखा, पूजा, मोना, निधि, ममता, रचना अरोड़ा, रीटा व उषा गर्ग आदि मौजूद रहे।

### डांस की वर्कशाप में हिप पॉप के गुर सिखाए

**समालखा।** यामिन इंटरनेशनल स्पोर्टस अकादमी में बॉलीवुड मुंबई से आई हिमांशी पॉप एने डांस की वर्कशाप में हिप पॉप के गुर सिखाए। हिमांशी पॉप ने बताया के इस अकादमी के सभी टीचर अपनी कला के माहिर हैं और सागर और मैने एक साथ सीखना शुरु किया था सागर एक ऑलराउंडर है। इस अवसर पर यामिन, महक, प्रियंका, छाया व जगदीप आदि मौजूद रहे।

### युवक ने फंदा लगा कर सुसाइड किया

**पानीपत।** पानीपत के विकास नगर निवासी 20 वर्षीय विशाल पुत्र संदीप ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। स्मरणीय है कि विशाल एक फैक्ट्री में काम करता था। जहां उस पर भारी भरकम मशीन गिर गई थी। मशीन गिरने से उसका पैर टूट गया था। इतना ही नहीं, फैक्ट्री मालिक ने उसका साथ नहीं दिया। सहयोग नहीं मिलने से विशाल का मनोबल टूट गया और उसने सुसाइड कर लिया। वहीं विशाल तीन बहनों का इकलौता भाई था। पिता संदीप का आरोप है कि वादा के बावजूद भी फैक्टरी मालिक ने विशाल का उपचार नहीं करवाया था।

### कथा में राजा परीक्षित एवं कलयुग संवाद सुनाया

**कुरुक्षेत्र।** श्रीगो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित शांति एन्क्लेव, झांसा रोड़ में श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर संस्था अध्यक्ष भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री ने उपस्थित श्रोताओं को बताया कि एक दिन की बात है, राजा परीक्षित शिकार के लिए जंगल गए। वहां उन्होंने देखा कि एक बैल और एक गाय आपस में कुछ बातें कर रहे हैं। भागवत कथा के मुख्य आयोजक महावीर मंढाण,संतोष मंढाण समस्त परिवार ने षोडशोपचार, भागवत पूजन किया एवं व्यास पूजन कर व्यास पीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा को वृद्धि करते हुए कथावाचक अनिल शास्त्री ने कहा भागवत पुराण में बताया गया है।

## आर्य कॉलेज में मनाया गया विश्व रक्तदाता दिवस

# रक्तदान कर भगवान का स्वरूप बन जाता है इंसान

**रक्तदान के क्षेत्र में कार्य करने वाली 50 संस्थाओं के पदाधिकारीगण और रक्तदाता सम्मानित किए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत





पानीपत। आर्य कॉलेज में रक्तदाता को बैज लगाते हुए शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा आदि। फोटो :हरिभूमि

ब्लड बैंक सिविल अस्पताल एवं रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित रेड क्रॉस ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय आर्य कॉलेज मे शनिवार को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमे 55 यूनिट रक्त भी एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। रक्तदान शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में शहर की 50 से ज्यादा संस्थाओं को सम्मानित भी किया गया। सम्मान मे सभी को प्रशंसा पत्र, पौधे व समृति चिह्न दिया गया। वहीं, मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने शहर की सभी समाज सेवी संस्थाओ को संबोधित करते हुए कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है,इसे किसी भी फैक्ट्री में नहीं बनाया जा सकता। पानीपत एक धार्मिक एवं दानवीरों की नगरी है। किसी भी क्षेत्र में पानीपत के समाज सेवी संस्थाएं पीछे नहीं रहती और जब बात रक्त की आती है तो रक्तदान में भी पानीपत की सभी समाज सेवी संस्थाएं बढ़-चढ़कर भाग लेती हैं। उन्होंने सभी रक्तदाताओं एवं संस्थाओं का रक्तदान कैंप आयोजन करने के लिए प्रशंसा भी की और आग्रह किया कि समय-समय पर सभी रक्तदान जरूर करें।

इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव गौरव रामकरण ने सभी अतिथियों का एवं समाज सेवी संस्थाओं का धन्यवाद किया। इंसान रक्तदान कर भगवान का स्वरूप बन जाता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर महापौर कोमल सैनी ने शिरकत की। मंच संचालन रेडक्रॉस प्रोजेक्ट निदेशक डॉ. सोनू सिंह ने किया। कार्यक्रम के अंत मे रक्तदाता शपथ भी की गई। इस अवसर पर आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता, रेड क्रॉस ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर पूजा सिंघल सहायक लालचंद एवं सिविल अस्पताल से ब्लड बैंक इंचार्ज डॉक्टर रजत गुप्ता एसएमओ डॉ. श्याम लाल, गवर्नमेंट कॉलेज प्रवक्ता ग्रीनमैन दलजीत सिंह भी उपस्थित रहे।

### ग्वालड़ा गांव की पंचायती भूमि की निशानदेही की

**इसराना।** पानीपत के गांव ग्वालड़ा में एक साल से चल रहे पंचायती भूमि विवाद में प्रशासन ने शनिवार को महत्वपूर्ण कदम उठाया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट मनोज कुंडू की देखरेख में पुलिस की मौजूदगी में निशानदेही की गई। विवाद की जड़ में पिछले साल की पंचायत भूमि की ठेकेदारी है। सरपंच द्वारा ठेकेदारों से अधिक राशि वसूलने के मामले में 12 में से 9 पंच उनके विरोध में आ गए थे। इन पंचों ने प्रशासन से सरपंच के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। जवाबी कार्रवाई में सरपंच ने कुछ पंचों पर पंचायत की शामलात भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया। प्रशासन ने पहले भी कई बार निशानदेही की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली।

### कपड़ा व्यापारी के घर चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव खडरा निवासी कपडा व्यापरी ईश्वर सिंह के घर से चोरों ने अलमारी में रखे 1 लाख 20 हजार रुपये, गैस सिलेंडर और अन्य सामान चोरी कर लिया। इधर, ईश्वर की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने अज्ञात चोरों पर केस दर्ज किया और एफएसएल की टीम को साथ लेकर घटनास्थल की जांच की। पुलिस का दवा है कि चोरों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# बच्चों को सनातन संस्कार जरुरी दें: मेयर

■ प्रति दिन गीता के पढ़ने से विद्यार्थियों की सभी राह आसान हो जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



श्री कृष्ण कृपा जिओ गीता सेवा समिति के बाल संस्कार शिविर का दीप जला का शुभारंभ करते हुए अतिथिगण।

श्री कृष्ण कृपा जिओ गीता सेवा समिति द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन बाल संस्कार शिविर के द्वितीय दिवस पर श्री कृष्ण कृपा धाम सुखदेव नगर में पानीपत की मेयर कोमल सैनी व समाजसेवी दिनेश सैनी का आगमन हुआ। कार्यक्रम में पार्षद अंजना गुर्जर, प्रीतम गुर्जर अर्जुन देव नारंग, सुषमा वर्मा ने अभिनंदन किया। वहीं, जिओ गीता महिला मंडल की सदस्य आदि प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। इधर, समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा एवं सचिव सुनील ग्रोवर ने अतिथियों का स्वागत किया। जबकि मेयर कमल सैनी ने सभी विद्यार्थियों को श्रीमद्भागवत गीता के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि प्रति दिन गीता के पढ़ने से विद्यार्थियों की सभी राह आसान हो जाएगी। वे दुनियादारी को आसानी से समझेंगे। इसके मद्देनजर विद्यार्थियों को गीता का ज्ञान अवश्य देना चाहिए। वहीं, मीडिया प्रमुख कुंवर रविंद्र सैनी ने बताया कि बाल संस्कार शिविर के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सनातन संस्कार देना है।

# पानीपत की हॉकी टीमों का हुआ चयन



पानीपत। पानीपत हॉकी की टीमें चयनकर्ताओं के साथ। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

■ नरवाना में 18 जून से शुरू हो रही राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेगी पानीपत की टीमें

आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल में शनिवार को पानीपत जिले की लड़कों की जूनियर व सब जूनियर हॉकी टीम का चयन किया गया। हॉकी एसोसिएशन पानीपत के सचिव संजीव कुमार त्यागी ने बताया कि चयनित दोनों टीम हरियाणा हॉकी के तत्वावधान में 18 जून से नरवाना में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। ट्रायल में लगभग 80 बच्चों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर हाकी कोच व मुख्य चयनकर्ता धर्मेंद्र सिंह, रविदत्त, अनिल मोर, सुरेश शर्मा, आस्था त्यागी, एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव प्रदीप मलिक, हाकी कोच साहिल कुमार, अमन कुमार व सौरव गाहल्याण मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# रक्तदाता नरेंद्र गुप्ता को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




विश्व रक्तदाता पर आर्य कॉलेज में पानीपत के रक्तदाता व मदद रक्तसेवा के संस्थापक नरेंद्र गुप्ता को उनके 36 बार रक्तदान करने पर व रक्तदान शिविरों का आयोजन करने पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री महीपाल ढांडा ने सम्मानित किया गया। मंत्री महीपाल ने नरेंद्र को उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इधर, नरेंद्र ने कहा कि हर स्वस्थ्य नागरिक को साल में तीन बार रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने से शरीर का गंभीर रोगों से बचाव होता है और शरीर की इम्युनिटी बढती है। उन्होंने कहा कि वे युवाओं को रक्तदान करने के प्रति जागरूक करते रहेंगे।

# जेल में मेडिकल कैंप में कैदियों का स्वास्थ्य जांचा

■ आवश्यकता अनुसार मुफ्त दवाइयों का वितरण भी किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत जेल में बंदियों का स्वास्थ्य जांचते हुए चिकित्सक

स्वास्थ्य और मानव कल्याण के प्रति अपनी सामाजिक ज़िम्मेदारी निभाते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक दिवसीय मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में डॉ. केतन भारद्वाज, डॉक्टर प्रदीप, डॉक्टर सुखदीप कौर, डॉक्टर विशाल कौशिक, डॉ. आशीष वैद सहित फार्मासिस्ट सुखदेव ने जेल में बंद कैदियों एवं कर्मचारियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कैंप में विशेष रूप से सामान्य स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर, नेत्र परीक्षण, दंत चिकित्सा आदि की सेवाएं उपलब्ध करवाई गईं। आवश्यकता अनुसार मुफ्त दवाइयों का वितरण भी किया गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों, डॉक्टरों और नर्सों की टीम ने कैदियों एवं जेल स्टाफ की जांच की। मेडिकल कैंप का उद्देश्य कैदियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और समय पर इलाज उपलब्ध कराना था।

# श्रमिकों के अधिकारों को खत्म कर रही है सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। आशा वर्कर्स के राज्य प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित करते हुए वक्ता।

देश के हुक्मरान सार्वजनिक संपति को तबाह करने और मजदूर अधिकार खत्म करने पर आमादा है। देश का मजदूर कर्मचारी इसे स्वीकार नहीं करेगा। उक्त बात सीटू राष्ट्रीय सचिव एआर सिंधु ने अम्बेडकर भवन में आशा वर्कर्स के राज्य प्रतिनिधि सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि 2006 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की शुरुआत की गई थी। इसमें आशा वर्कर्स महत्वपूर्ण कड़ी हैं जिनके चलते यह मिशन बहुत ही सफलता पूर्वक आगे बढ़ा है। लेकिन सरकार ने आज तक आशा वर्कर्स को न तो सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया और न ही न्यूनतम वेतन 26000 रुपये लागू किया। उन्होंने कहा कि एक तरफ कोरोना के दौरान विश्व स्वास्थ्य संगठन देश की आशाओं को कोरोना योद्धा करार दे रही थी व उसे सम्मानित कर रही थी। हरियाणा ओर देश की सरकार बुनियादी सुविधाओं की मांगों को लेकर शांतिपूर्वक आंदोलनरत आशाओं पर डंडे चला रही थी। केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार देश के चंद पूंजीपतियों के हित में काम कर रही है। यूनियन प्रदेश अध्यक्ष सुरेखा व महासचिव सुरेखा ने कहा कि सरकार पूंजीपतियों के हित में मजदूर हित में बने कानूनों को खत्म कर रही है। इस अवसर पर स्वागत समिति के चेयरमैन डॉ.सुरेंद्र मलिक, जनवादी महिला समिति की राज्य महासचिव ऊषा सरोहा, खेत मजदूर यूनियन के राज्य सहसचिव राजेंद्र छौक्कर, आंगनवाड़ी वर्कर्स हेल्पर्स यूनियन की प्रदेश महासचिव उर्मिला रावत, अमरीश त्यागी, जय भगवान आदि ने भी संबोधित किया।

# बाल श्रम के विरूद्ध जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। बाल अधिकार सुरक्षा समिति जागरूकता रैली निकालते हुए। फोटो :हरिभूमि

बाल अधिकार सुरक्षा समिति के पदाधिकारियों एवं बच्चों द्वारा ज्योति कॉलोनी में बाल श्रम के विरूद्ध जागरूकता रैली निकाली गई। संस्था मुख्य सलाहकार सुधा झा ने कहा कि किसी भी तरह की दुकान व फैक्टरी, घर आदि पर बच्चों से मजदूरी कराना अपराध है। वहीं, बाल तस्करी, भिक्षावृत्ति भी अपराध है।

कहीं पर भी बच्चों से मजदूरी, भिक्षावृति करना, बाल तस्करी ना हो इसके लिए समाज का हर वर्ग जागरूक हो। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा शिक्षा विभाग के सहयोग से वर्तमान में बच्चों को जीरो ड्रॉपआउट मिशन के तहत शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। संस्था सदस्य अनिता गुप्ता ने कहा कि अभिभावक बच्चों से मजदूरी ना करवाए बल्कि उन्हें स्कूल भेज कर शिक्षित करें।

## पानीपत के चारों विधानसभा क्षेत्रों में 1200 से अधिक मतदाता वाले केंद्रों पर बनाए जाएंगे नए बूथ

# एक जनवरी को क्वालिफाइंग तिथि मानकर मतदाता सूचियों का होगा पुनरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। जिला की मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण को लेकर बैठक करते हुए एडीसी डॉ. पंकज यादव। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिला में मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण एक जनवरी 2026 को क्वालिफाइंग तिथि मानकर किया जाएगा। इसके अलावा जहां-जहां जरूरत होगी वहां नए बीएलओ नियुक्त किए जाएंगे। वहीं, एडीसी डाक्टर पंकज यादव ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के साथ आयोजित वीडियो कांफ्रेंस के बाद जानकारी देते हुए बताया कि जिला के इसराना (अजा)-26, समालखा-27, पानीपत शहरी-25, पानीपत ग्रामीण-24 विधानसभा क्षेत्र में पोलिंग बूथों के रेशनेलाइजेशन का कार्य जारी है। आयोग के निर्देशानुसार जिन बूथों पर 12 सौ से अधिक मतदाता होंगे, वहां नए बूथ बनाए जाएंगे। रेशनेलाइजेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन बूथों के लिए बीएलओ की नियुक्ति की जाएगी। इसके बाद तारीख व समय निर्धारित कर राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाएगी। एडीसी डा. पंकज यादव ने सभी निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में नए बनाए जाने वाले बूथों की फिजिकल वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिए। सभी बीएलओ को सीईओ हरियाणा और ईसीआई के सोशल मीडिया अकाउंट को ज्वाइन करने के निर्देश दिए जाएं। उन्होंने निर्वाचन विभाग द्वारा जारी गतिविधियों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम पानीपत मनदीप सिंह, एसडीएम इसराना नवदीप नैन, एसडीएम समालखा अमित कुमार,सीटीएम टीनू रावल, नायब तहसीलदार चुनाव सुदेश राणा, चुनाव कार्यालय के कानूनगो व कर्मचारी मौजूद रहे।

### वृद्धजन कैदियों के लिए जागरूकता शिविर आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम ने कहा कि पैनल अधिवक्ता हरपाल सिंह द्वारा जिला कैदी वृद्धजनों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया।

## खबर संक्षेप

### गर्मी व हीट वेव से एहतियात बरतें

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि गर्मी के मौसम में गर्म हवा और बढ़े हुए तापमान से लू (हीट वेव) लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। जिला प्रशासन द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसका सभी पालन करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखें।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 12 जुलाई को लगेगी

**अंबाला।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवीण ने बताया कि लोगों के लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए समय समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में आगामी 12 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में वैवाहिक, परिवारिक विवाद, आपराधिक मामले, भूमि अधिग्रहण, श्रम विवाद, बैंक रिकवरी, बिजली, पानी और पेंशन मामलों का निपटारा होगा ।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी राजिंद्र उर्फ मद्रासी को गिरफ्तार किया है। परिवादी सरवन कुमार ने 5 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने 27 मई 2025 को कुलदीप नगर में स्थित उनके स्कूल के ट्यूबवेल से 150 मीटर कोर-3 तार चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी दबोचा

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अभि को गिरफ्तार किया है। तारा नगर के राजेश कुमार ने 30 दिसंबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 2 अप्रैल 2023 को आरोपी अभि व अन्य ने तारा नगर राम किशन कॉलोनी में स्थित उसके घर से जूस बनाने की मशीन, एक अन्य मशीन तथा बिजली का सामान चोरी किया है।

# पायलट से कम उंचाई पर लिफ्ट हासिल करने में चूक से हो सकता है हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



- हवाई जहाज के दोनों इंजन खराब होना बेहद दुर्लभ घटना
- यह देश में अब तक सबसे खराब विमान हादसे में से एक

सेवानिवृत्त विंग कमांडर एसडी विज ने कहा कि हवाई जहाज के दोनों इंजन खराब होने की घटनाएं दुर्लभ हैं। इसके कुछ उदाहरण भी हैं। प्रसिद्ध उदाहरण है मिरेकल ऑन द हडसन, जहां यूएस एयरवेज की उड़ान 1549 के दोनों इंजन पक्षी के टकराने से बंद हो गए थे लेकिन विमान को सफलतापूर्वक उतारा गया था। अहमदाबाद में 242 लोगों को ले जा रहा एयर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर 12 जून की दोपहर अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। यह भारत में अब तक की सबसे खराब विमान हादसे में से एक है। लंदन जा रहे इस विमान में 230 यात्री, 10 क्रू मेंबर और दो पायलट थे।

242 लोगों में से सिर्फ एक व्यक्ति - सीट नंबर 11ए का यात्री दुर्घटना में बचा है। भारतीय वायुसेना से सेवानिवृत्त विंग कमांडर विज बताते हैं कि विमान के दोनों इंजन में एक साथ खराबी आ गई जो कि बहुत दुर्लभ है। किसी ब्लॉकेज के कारण इंजन खराब हो सकता है विशेष रूप से, कूलेंट सिस्टम में ब्लॉकेज होने से इंजन ज्यादा गरम हो सकता है, जिससे इंजन ब्लॉक में दरार आ सकती है। इसके अलावा, तेल और ईंधन के रास्ते में ब्लॉकेज भी इंजन के ठीक से काम न करने का कारण हो सकता है। उन्होंने कहा कि टेक ऑफ करने के बाद भी प्लेन बहुत अधिक ऊंचाई पर नहीं पहुंच पाया था। हो सकता है कि पायलट से कम उंचाई पर लिफ्ट हासिल करने में चूक हुई हो।

### संभलने का समय नहीं

प्लेन केवल 825 फीट ही ऊपर जा पाया था। प्लेन का लैंडिंग गियर अभी नीचे ही था। प्लेन के इंजन ने अपना थ्रस्ट खो दिया था जिससे प्लेन अचानक से नीचे आ गया। उन्होंने बताया कि यह भी हो सकता है कि पायलट ने गलत टेक-ऑफ कॉनफ़िगरेशन लिया हो। पायलट को इतनी चढ़ाई पर बने रहने के लिए संघर्ष करना पड़ा होगा। हादसे से पहले पायलट ने मेडे कॉल किया लेकिन उसे संभलने का समय नहीं मिल पाया और प्लेन दुर्घटना का शिकार हो गया हो। विंग कमांडर विज ने बताया कि फिलहाल ब्लैक बॉक्स मिल गया है हालांकि जहाज में मौजूद फ्यूल को आग लगने से वहां आग लगने से बहुत ज्यादा तापमान हो गया था। ब्लैक बॉक्स 1400 डिग्री तक तापमान सह सकता है। ब्लैक बॉक्स के अध्ययन से और इंक्वायरी से ही बहुत चीजें स्पष्ट हो सकती हैं।

# सैन्य जमीन देने के साथ हवाई अड्डे की सड़क को फोरलेन करने की मांग

## केंद्रीय रक्षा मंत्री से अनिल विज ने की मुलाकात, सिविल और कैंसर अस्पताल विस्तार की मांग रखी

- शहरी मामलों के मंत्री से भी मुलाकात कर अंबाला से चंडीगढ़ तक मेट्रो रेलवे लाइन शुरू करने का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला





**अंबाला।** रक्षा मंत्री व राजनाथ सिंह व शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात करते मंत्री अनिल विज।

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने शनिवार को दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने रक्षा मंत्री के समक्ष अपने विधानसभा क्षेत्र अंबाला छावनी के लिए तीन मांगें रखी। इनमें प्रमुख सिविल अस्पताल विस्तार हेतु सैन्य भूमि लेने, अंबाला छावनी घरेलू हवाई अड्डा आने-जाने हेतु फोरलेन मार्ग बनाने तथा सैन्य क्षेत्र के साथ लगती सड़कों को चौड़ा करना शामिल है।

विज ने अंबाला छावनी में सिविल व कैंसर अस्पताल विस्तार के लिए इसके साथ लगती सेना की जमीन प्रदेश सरकार को देने के लिए निवेदन किया। गौरतलब है कि सिविल अस्पताल परिसर में 9 मई 2022 में अटल कैंसर अस्पताल की शुरूआत की गई थी। अब यहां बड़ी संख्या में आसपास सात राज्यों के कैंसर मरीज ईलाज हेतु आ रहे हैं। मरीजों के साथ उनके तीमारदार होते हैं जिनके रहने के लिए कोई उपयुक्त जगह अभी नहीं है। श्री विज द्वारा तीमारदारों के लिए धर्मशाला बनाने की योजना है जिसके लिए जमीन चाहिए। इसी प्रकार सिविल अस्पताल में स्पाइनल इंजरी खोलने की योजना है जिसके लिए लगभग दो से तीन एकड़ भूमि चाहिए। इस सेंटर में रीड की हड्डी से संबंधित बीमारियों के मरीजों का उपचार होगा। सेंटर खोलने की मंजूरी पूर्व में मिल गई थी। सेंटर में मरीजों की रीड की हड्डी से संबंधित सभी बीमारियों के उपचार का व्यापक प्रबंधन भी होगा। इसी तरह ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने अंबाला छावनी में बन चुके घरेलू हवाई अड्डे के समक्ष सेना के अधीन आने वाली रोड को फोरलेन बनाने का भी आग्रह रक्षा मंत्री से किया। बता दें कि पूर्व में ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से ही मुलाकात कर घरेलू हवाई अड्डा निर्माण के लिए जमीन सेना से राज्य सरकार को हस्तांतरित करवाई थी। राज्य सरकार ने रक्षा मंत्रालय को 20 एकड़ जमीन के बदले 133 करोड़ रुपए दिए थे। इसी जमीन पर घरेलू हवाई अड्डे का निर्माण हुआ है। विज ने रक्षा मंत्री राजनाथ को अंबाला छावनी नगर परिषद और छावनी बोर्ड में कई स्थान पर जैसे बोह, बब्याल आदि की कम चौड़ी सड़कों को आगे पीछे की सड़कों के सामान चौड़ा करवाने के लिए भी कहा। दशकों पहले बनी इन सड़कों की चौड़ाई कम है जिन्हें अब चौड़ा किए जाने की जरुरत है।

मंत्री अनिल विज ने रक्षा मंत्री से मुलाकात के बाद केंद्रीय ऊर्जा और आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल से नई दिल्ली में मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से अंबाला से चंडीगढ के बीच मेट्रो रेल लाइन बिछाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि चंडीगढ में यूटी प्रशासन है और पंजाब व हरियाणा की राजधानी भी है। इस विषय पर दोनों मंत्रियों के बीच विस्तार से चर्चा हुई। इस पर केन्द्रीय मंत्री ने इस विषय पर त्वरित कार्यवाही का आश्वासन विज को दिया है। विज ने बताया कि अंबाला-चंडीगढ़ सड़क पर अब यातायात बहुत ज्यादा हो गया है। चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश होने के साथ-साथ हरियाणा व पंजाब की राजधानी भी है जहां से सैकड़ों लोग रोज आते-जाते हैं।

### चंडीगढ़ लिटरेरी सोसाइटी ने किया मोमेंट अस 2025 का आयोजन



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ लिटरेरी सोसाइटी (सीएलएस) ने मोमेंट अस 2025 के दूसरे संस्करण का सफल आयोजन किया। यह जीवंत और रोचक साहित्यिक आयोजन था, जो अपने सदस्यों के बीच साहित्य, रचनात्मकता और सामुदायिक भावना का उत्सव मनाने के लिए आयोजित किया गया। चंडीगढ़ लिटरेरी सोसाइटी की चेयरपर्सन डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा, ऐसी दुनिया में जहाँ निश्चितता अब दुर्लभ हो चली है, सीएलएस एक सजीव, अडिग प्रकाशस्तंभ की तरह खड़ा है। मोमेंट अस हमारे दिल की बात है यह आत्मा की सबसे गहरी तरंगों को स्पर्श करने वाला स्थान है। यहाँ हम अपने सदस्यों को वह मंच देना चाहते हैं, जहाँ वे खुलकर अपने विचार और सृजन व्यक्त कर सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ रीना मदान और ललित सिंगला ने किया।

सशस्त्र सेनाओं के साहस और संकल्प को समर्पित प्रेरणादायक पैनल चर्चा हुई, जिसका संचालन डॉ. उर्वी शर्मा ने किया। पैनल में कर्नल (सेवानिवृत्त) आकाशदीप आनंद, डॉ. देवयानी सिंह और प्रो. मंजू जैड़का ने अपने विचार साझा किए। साहित्य की बदलती अभिव्यक्तियाँ विषय पर भी चर्चा हुई। जिसमें डिजिटल माध्यमों के बढ़ते प्रभाव पर रोशनी डाली गई। इस सत्र का संचालन डॉ. सुनैना जैन ने किया और पैनल में डॉ. सुनीत मदान, शिखर गोयल, युविका ग्रेवाल और अर्चना साहनी शामिल रहे। कार्यक्रम का सबसे भावनात्मक पहलू बहुभाषी काव्य पाठ रहा। जिसमें डॉ. सुमिता मिश्रा और मनमोहन सिंह कोहली के साथ प्रो. गुरदीप गुल, मुक्ता सिंगला, रूबी मोहन, अश्वनी मल्होत्रा, डॉ. सुनीत मदान, डॉ. सुनैना जैन, युविका ग्रेवाल, धीरजा शर्मा, अर्चना साहनी और राजिंदर कौर सराओ ने हृदयस्पर्शी रचनाएं प्रस्तुत कीं। मोमेंट अस 2025, साहित्यिक उमंग, बौद्धिक संवाद और मानवीय रिश्तों की गरमाहट से भरपूर एक ऐसा आयोजन बनकर सामने आया, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

# एचएसजीपीसी एनआरआई विंग के चेयरमैन बने राजेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

- बैठक में संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सशक्त बनाते हुए 21 विभागों के चेयरमैन सर्वसम्मति से नियुक्त किए गए
- राजिन्द्र सिंह कोकी ने सुखविंदर सिंह मान को 561 मतों से शिकस्त दी



**अंबाला।** राजेंद्र सिंह का स्वागत करते प्रधान जगदीश सिंह झींडा व अन्य।

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एचएसजीपीसी) की एक महत्वपूर्ण बैठक गत दिन कुरुक्षेत्र में समिति के प्रधान जगदीश सिंह झींडा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें वरिष्ठ उपप्रधान गुरमीत सिंह कालका, कनिष्ठ उपप्रधान गुरबीर सिंह रादौर, महासचिव हरजीत सिंह, संयुक्त सचिव बलविंदर सिंह कांगथली सहित अंतरिक समिति के सदस्य एवं विभिन्न विभागों के सचिव शामिल रहे। बैठक में संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सशक्त बनाते हुए 21 विभागों के चेयरमैन सर्वसम्मति से नियुक्त किए गए। इस अवसर पर एनआरआई विंग की जिम्मेदारी समिति के सक्रिय सदस्य राजेंद्र सिंह बराड़ा को सौंपी गई। उनकी नियुक्ति पर उपस्थित सभी सदस्यों ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया और उम्मीद जताई कि वह सेवा भावना से कार्य करते हुए कमेटी के कार्यों में पारदर्शिता व गति लाएंगे।

**वार्ड नंबर 4 से जीते थे राजेन्द्र सिंह:** प्रदेश में हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के कुल 41 वार्ड बनाएं गए थे। बराड़ा को वार्ड नंबर 4 में बांटा गया था। वैसे तो राजेन्द्र सिंह कोकी शिरोमणि अकाली दल (आजाद) की टिकट पर चुनाव लड़ रहे थे लेकिन शिरोमणि अकाली दल (आजाद) का चुनाव आयोग द्वारा रजिस्ट्रेशन न किए जाने के कारण राजेंद्र सिंह को आजाद उम्मीदवार के तौर पर चुनाव में उतरना पड़ा। इस चुनाव में कुल 5 उम्मीदवार मैदान में थे। चुनाव में आजाद उम्मीदवार के तौर पर उतरे राजिन्द्र सिंह कोकी ने अपने निकटम प्रतिद्वंद्वी पंथक दल के उम्मीदवार सुखविंदर सिंह मान को 561 मतों से शिकस्त देकर जीत हासिल की थी। राजेंद्र सिंह ने कहा कि वे दी गई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रवासी सिखों की धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में यह विंग एक सशक्त माध्यम बनेगा।



## विशेष योग व ध्यान शिविर में छात्रों ने की योगिक क्रियाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

भव्य योग महोत्सव के आयोजन को लेकर जीएमन कॉलेज में विशेष योग और ध्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल के अंतर्गत के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में योग एवं ध्यान सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में, जीएमएन कॉलेज में हार्टफुलनेस योग एवं ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के 73 प्रतिभागियों ने भी भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को योग और ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति, शारीरिक स्वास्थ्य एवं आंतरिक संतुलन की दिशा में प्रेरित करना रहा। इस कार्यक्रम के आयोजन में प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त, एएनओ डॉ. नैन, सीटीओ डॉ. तृप्ति शर्मा, कॉलेज खेल शिक्षक ब्रजेश कुमार, एनएसएस प्रभारी डॉ. सरोज बाला की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में ध्यान सत्र तथा विभिन्न योगासन कराए गए, जिनका संचालन कडेट अवनीत कौर द्वारा किया गया। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के लिए शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का माध्यम बना, बल्कि 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के आगामी भव्य आयोजन की तैयारी का एक महत्वपूर्ण चरण भी सिद्ध हुआ है।

## घसीटपुर के रविदास मंदिर में 95 ग्रामीणों की आंखें जांची



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गांव घसीटपुर के रविदास मंदिर में स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर की प्रभारी प्रीति और मंदिर के प्रबंधक भगतराम के सहयोग से सर्वहित स्वास्थ्य समिति द्वारा लगाए गए नेत्र जांच शिविर में 95 लोगों की आंखों की जांच की गई।

अंबाला शहर के संजीवनी आई एंड मेडिकेयर सैंटर की तकनीकी टीम सोनू, तकनीशियन नीटू कश्यप द्वारा अहम भूमिका निभाई गई। जांच के दौरान 15 लोगों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया। 15 लोगों को चश्मे लगाए जाने का सुझाव दिया गया। मोतियाबिंद पाए मरीजों के ऑपरेशन संजीवनी आई एंड मेडिकेयर सेंटर अंबाला में योग्य डॉक्टरों की टीम द्वारा किए जाएंगे । सर्वहित स्वास्थ्य समिति के प्रधान योगेश्वर शर्मा, अमरनाथ कश्यप महासचिव ,समाजसेवी पूजा कपूर द्वारा शिविर में आए मरीजों का पंजीकरण किया। घसीटपुर की आशा वर्कर कैलाशो ,रजनी, रंजना,तथा अमरजीत अन्य ग्रामीणों द्वारा मरीजों की आंखे चेक करवाने में सहयोग दिया गया।

# आर्य कॉलेज में लड़कों को भी मिलेगा दाखिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- 500 सीट भरने के लिए चल रही है ऑनलाइन दाखिले की प्रक्रिया

### कॉलेज में इन कोर्स में किए जाएंगे दाखिले

| कोर्स | सीट |
|---|---|
| बीए | 350 |
| बीकॉम | 80 |
| बीकॉम सीएंडवी | 30 |
| बीए राजनीति शास्त्र | 40 |



अंबाला छावनी के आर्य कॉलेज में इस बार लड़कियों के साथ लड़कों के दाखिले भी किए जाएंगे। दाखिले के लिए कई दिनों से ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे हैं। कॉलेज में चार कोर्स में 500 सीट भरी जाएंगी। आवेदन को लेकर अभ्यर्थियों में काफी रुझान देखने को मिल रहा है। उच्चतर शिक्षा विभाग ने ऑनलाइन आवेदन की तारीख 16 जून तक बढ़ाई है। इसके बाद कॉलेजों में मेरिट सूची चस्पा की जाएगी।

अब आर्य गर्ल्स कॉलेज का नाम आर्य कॉलेज हो गया है। इस शैक्षणिक सत्र से कॉलेज में लड़कों के भी दाखिले किए जाएंगे। अभी तक कॉलेज में लड़कियों को ही दाखिला दिया जाता था। इस बार से कॉलेज में लड़कों के लिए भी पोर्टल खोला गया है। सभी कॉलेजों में पहुंच रहे आवेदन को स्टाफ की ओर से ऑनलाइन आवेदन किया जा रहा है। अगर किसी अभ्यर्थी के फार्म में कोई आपत्ति होती है तो उसे ऑनलाइन ही ठीक करने के लिए कहा जा रहा है। यह मैसेज अभ्यर्थी के मोबाइल पर पहुंच रहे हैं। आवेदन के बाद कॉलेजों में पहली मेरिट सूची जारी की जाएगी। नोडल अधिकारी डॉक्टर अमनदीप मक्कड़ ने बताया कि कॉलेज में दाखिले को लेकर अभ्यर्थी रुझान दिखा रहे हैं। सभी कोर्स में दाखिले को लेकर आवेदन पहुंच रहे हैं।

## असर रिपोर्ट सर्वे में जिला अंबाला तीसरे नंबर पर

# सराहनीय कार्य करने वाले 38 शिक्षक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



**अंबाला।** कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

असर सर्वे 2025 की रिपोर्ट में जिला ने मौलिक शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि के लिए निपुण हरियाणा मिशन के प्रति समर्पित 38 अध्यापकों को सम्मानित किया गया। खंड अंबाला-1 और अंबाला-2 के इन शिक्षकों को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

खंड अंबाला-1 का कार्यक्रम पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलदेव नगर, जबकि खंड अंबाला-2 का कार्यक्रम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीसी बाजार अंबाला छावनी में आयोजित हुआ। कालड़ा ने बताया कि जिले के 478 प्राथमिक स्कूलों में से 200 एकल-अध्यापक विद्यालय हैं। बावजूद इसके जिले ने प्रदेश में तीसरा स्थान पाया। उन्होंने विश्वास जताया कि शिक्षकों की मेहनत से अगली असर रिपोर्ट में जिला शीर्ष स्थान पर रहेगा। मेगा मॉनिटरिंग सर्वे के तहत अध्यापकों के प्रदर्शन को 6 शैक्षणिक गतिविधियों के आधार पर आंका गया जिनमें से 48 या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 124 शिक्षकों को 'उत्कृष्ट' घोषित किया गया। समारोह में 38 अध्यापकों को सम्मानित किया गया। शेष को उनके खंड मुख्यालयों पर सम्मानित किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एफएलएन समन्वयक मनोज कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी सतबीर सैनी, मोनिका रानी, निपुण हरियाणा इकाई के उदयन, एलएलएफ से कुमारी मारग्रेट व रविंदर कुमार समेत अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

### 110 ने रक्तदान के लिए कराया रजिस्ट्रेशन

**करनाल।** रेडक्रॉस सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में गुडरिच फाउंडेशन करनाल के साथ मिलकर मेरठ रोड स्थित गुडरिच प्लांट में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 110 रक्तदाताओं ने रक्तदान करने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया। शिविर का आरंभ गुडरिच फाउंडेशन के एमडी अमित गर्ग और रेडक्रॉस सचिव कुलबीर मलिक ने रक्तदाताओं को बैज लगा कर किया। इस अवसर पर गुडरिच फाउंडेशन से संदीप नैन (वीपी), डायरेक्टर विशाल गुप्ता, जोगिंदर सिंह, गीता, निलेश कुमार, प्रेम नाथ आदि मौजूदे रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005